# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse @ mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in
☎ : कार्या– (0755) 2551650, फैक्स – (0755) 2552061


क्रमांक / 1646 प.स. / 2020 भोपाल दिनांक 20/05/2020

प्रति,

प्राचार्य
समस्त शासकीय एवं अशासकीय मान्यता / संबद्धता प्राप्त
संस्थान (म.प्र.)

**विषयः–मण्डल द्वारा संचालित वर्ष 2020 की शेष बची परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम।**
**संदर्भ–मण्डल का पत्र क्रमांक 1456 / प.स. / 2019 दिनांक 10.12.2019 एवं 1625–26 दिनांक 19.03.2020।**

—//—

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक 596 / 670 / 2020 / 20–3 भोपाल दिनांक 19.03.2020 के परिपालन में नोवेल कोरोना वाइरस (COVID-19) को दृष्टिगत रखते हुए 20 मार्च 2020 से 31मार्च 2020 तक आयोजित होने वाली मण्डल की समस्त परीक्षायें मण्डल के पत्र क्रमांक **1625–26 दिनांक 19.03.2020 के द्वारा** स्थगित की गई थी।

मण्डल द्वारा हायर सेकण्डरी परीक्षा / हायर सेकण्डरी व्यावसायीक परीक्षा 2020 की शेष बची परीक्षाओं का (सामान्य / दिव्यांग छात्र) परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। यह परीक्षाएँ दिनांक 09.06.2020 से 15.06.2020 तक संचालित की जावेगी। प्रत्येक परीक्षार्थी को उसके विषय की परीक्षा की तिथि एवं समय अवगत कराया जाना सुनिश्चित किया जावे। परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की **वेबसाईट www.mpbse.nic.in** पर भी देखे जा सकते है।

**संलग्न–परीक्षा कार्यक्रम**

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

पृष्ठांकन क्रमांक / 1647 / परीक्षा समन्वय / 2020 भोपाल, दिनाँक 20/05/2020

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन।
3. विशेष सहायक, माननीय मंत्री, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा, विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
4. प्रमुख सचिव,मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल।
5. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर भोपाल मध्यप्रदेश।
6. आयुक्त, आदिवासी विकास सतपुडा भवन,म.प्र.भोपाल।
7. आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, श्यामला हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश।
8. आयुक्त, जनसम्पर्क म.प्र.शासन ।
9. संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश, भोपाल।
10. समस्त संभागीय आयुक्त, मध्यप्रदेश।
11. समस्त कलेक्टर, मध्यप्रदेश।
12. समस्त, जिला पुलिस अधीक्षक, मध्यप्रदेश।
13. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मध्यप्रदेश।
14. समस्त संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग मध्यप्रदेश।
15. समस्त उपायुक्त / सहायक आयुक्त / जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग म.प्र.।
16. जनसंर्पक अधिकारी मा.शि.म.,म.प्र. भोपाल की ओर प्रचार–प्रसार हेतु।
17. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश।
18. प्राचार्य जिला समन्वयक संस्थायें / प्राचार्य आदर्श उमावि भोपाल,रीवा एवं जावरा मध्यप्रदेश।
19. आंचलिक / समस्त संभागीय अधिकारी, संभागीय कार्यालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश।
20. समस्त सहायक सचिव / समस्त कक्षाधिकारी / समकक्ष अधिकारी / सुरक्षा अधिकारी मा.शि.मण्डल मध्यप्रदेश।
21. निज सचिव,–अध्यक्ष / सचिव / अति. सचिव / उपसचिव / वित्तीय सलाहकार / परीक्षा नियंत्रक / समस्त प्रथम श्रेणी अधिकारी मा.शि.म.,म.प्र. भोपाल।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

ई–मेल : mpbse@mp.nic.in वेब साइट : www.mpbse.nic.in

हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट एवं हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा (नियमित / स्वाध्यायी)

**12वीं & VOC संशोधित**

### स्थगित परीक्षाओं का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम
### परीक्षा वर्ष — 2020

| क्र. | परीक्षा का दिन | परीक्षा दिनांक | परीक्षा का समय | विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मंगलवार | 09.06.2020 | 09:00 से 12:00 तक | 1– केमिस्ट्री, Chemistry |
| | | | 02:00 से 05:00 तक | 1– भूगोल, Geography |
| 2 | बुधवार | 10.06.2020 | 09:00 से 12:00 तक | 1– बुक–कीपिंग एण्ड एकांउटेन्सी Book-Keeping & Accountancy |
| | | | 02:00 से 05:00 तक | 1– प्रथम प्रश्न–पत्र व्होकेशनल कोर्स (VOC) |
| 3 | गुरूवार | 11.06.2020 | 09:00 से 12:00 तक | 1–बायलॉजी – BIOLOGY |
| 4 | शुक्रवार | 12.06.2020 | 09:00 से 12:00 तक | 1–व्यावसायिक अर्थशास्त्र, Business Economics |
| | | | 02:00 से 05:00 तक | 1–एनिमल हस्बेण्ड्री मिल्कट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एण्ड फिसरीज Animal Hus. Milk trade, Poultry Farming & ishery |
| 5 | शनिवार | 13.06.2020 | 09:00 से 12:00 तक | 1–राजनीति शास्त्र, Political Science |
| | | | 02:00 से 05:00 तक | 1–शरीर रचना क्रिया–विज्ञान एवं स्वास्थ्य Anotomy Physiology & Health<br>2–स्टिल लाईफ एण्ड डिजाइन, Still Life & Design<br>3– द्वितीय प्रश्न पत्र व्होकेशनल कोर्स (VOC) |
| 6 | सोमवार | 15.06.2020 | 09:00 से 12:00 तक | .1– हायर मेथमेटिक्स Higher Mathematics |
| | | | 02:00 से 05:00 तक | 1–विज्ञान के तत्व Element of Science<br>2–भारतीय कला का इतिहास Historyof Indian Art<br>3– तृतीय प्रश्न पत्र व्होकेशनल कोर्स (VOC) |
| 7 | मंगलवार | 16.06.2020 | 09:00 से 12:00 तक | 1–अर्थशास्त्र – ECONOMICS |
| | | | 02:00 से 05:00 तक | 1– क्रॉप प्रोडेक्शन एण्ड हर्टिकल्चर Crop. Production & Horticulture |

निर्देश –

1 परीक्षा केन्द्र पर सभी छात्रों को अपने नाक, मुंह को नकाब / कपड़े से ढक कर रखना एवं फिजिकल डिस्टेन्स नियमो का पालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

2 अभिभावक अपने बच्चों को कोविड–19 के संक्रमण से बचने के लिए उनके द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी देंगे तथा यह भी सुनिश्चित करेंगे कि, उनके बच्चे बीमार नहीं हो।

25/5/20

3 परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित होने के दौरान जारी किये गये सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जायेगा।

4 परीक्षार्थी एवं अन्य सर्वसंबंधित इस कार्यक्रम को कृपया भलीभांति नोट कर लें। परीक्षाकाल में शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षायें यथावत कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी।

5 स्वाध्यायी छात्रों की शेष प्रायोगिक परीक्षायें उन्हें आवंटित परीक्षा केन्द्र में दिनांक 09 से 16 जून 2020 तक आयोजित की जाएगी। इनकी तिथियां तथा समय ज्ञात करने के लिये प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष से संपर्क स्थापित रखा जावे। आवश्यकता पड़ने पर प्रायोगिक परीक्षायें अवकाश के दिनों में भी आयोजित की जा सकेगी।

6 **परीक्षा केन्द्र पर समस्त परीक्षार्थियों की थर्मल स्क्रीनिंग की जावेगी, अतः समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में** प्रातः 08:00/दोपहर 01:00 बजे तक **उपस्थित होना अनिवार्य** होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 08:45/दोपहर 01:45 बजे के पश्चात् **किसी भी छात्र को प्रवेश** नही दिया जावेगा।

7 परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनिट के (प्रातः 8:50/दोपहर 01:50 बजे से) पूर्व छात्रों को उत्तर पुस्तिका एवं 05 मिनिट के (प्रातः 8:55/दोपहर 01:55 बजे से)पूर्व प्रश्न–पत्र दिये जायें।

8 प्रतिदिन थाना एवं परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति में प्रश्न पत्र के लिफाफे निकालने एवं खोलने की प्रक्रिया निर्देशानुसार पूर्ण करेंगे।

9 मण्डल, आवश्यकता होने पर तिथि एवं समय में कभी भी बिना पूर्व सूचना के परिवर्तन कर सकता है, किन्तु संचार माध्यमों से संसूचित करेगा।

10 हायर सेकेण्डरी परीक्षा में केवल वाणिज्य संकाय के विषयों को छोड़कर शेष विषयों में नियमित एवं स्वाध्यायी छात्रों के लिये प्रश्न पत्र 100 अंकों का होगा, किन्तु नियमित छात्रों को 100 अंक के प्राप्तांक का 80% अधिभार एवं स्वाध्यायी छात्रों को 100 अंकों के प्राप्तांक ही अंकसूची में प्रदर्शित किये जायेंगे।

विशेष– हायर सेकेण्डरी/हा.से. व्याव. परीक्षा के विषय 1. बायोटेक्नालॉजी – BIOTECHNOLOGY 2. शारीरिक शिक्षा – Physical Education **एवं 3. NSQF** (नेशनल स्कील्स क्वालीफिकेशन फ्रेमवर्क) के विषय– **(i) I.T. (ii) SECURITY (iii) BEAUTY & WELLNESS (iv) BANKING & FINANCIAL SERVICES (v) ELECTRICAL TECHNOLOGY (vi) HEALTH CARE (vii) PHYSICAL EDUCATION & SPORTS (viii) RETAIL (ix) TRAVEL & TOURISM** की परीक्षायें आयोजित नहीं की जावेंगी।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
मध्यप्रदेश, भोपाल